HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर दिनांक 12.03.2023

मा0 मुख्यमंत्री जी (उ0प्र0) तथा मा0 केंद्रीय मंत्री जी सड़क परिवहन (भारत सरकार) के प्रस्तावित जनपद महोबा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था हेतु लगाए गए पुलिस बल की ब्रीफिंग कर रवाना किया गया:-

आज दिनांक 12.03.2022 को श्रीमान क्षेत्राधिकारी लाइन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी राठ द्वारा जनपद महोबा में मा0 मुख्यमंत्री जी (उ0प्र0) श्री योगी आदित्यनाथ जी तथा मा0 केंद्रीय मंत्री जी सड़क परिवहन (भारत सरकार) श्री नितिन गडकरी जी के जनपद महोबा में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था में जनपद हमीरपुर से लगाए गए पुलिस बल को क्रमशः पुलिस लाइन हमीरपुर में मौदहा व सदर सर्किल, पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन, एलआईयू तथा यातायात के पुलिस बल व थाना राठ में सरीला तथा राठ सर्किल के पुलिस बल को ब्रीफ किया गया तथा समस्त पुलिसकर्मियों को ड्यूटी हेतु आवश्यक सामान रखने तथा पूर्ण मनोयोग से कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु निर्देश दिए गए साथ ही कार्यक्रम में आने वाले लोगों से मृदुल तथा सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हमीरपुर, प्रभारी निरीक्षक राठ तथा अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

GAURI
BOSS
कन्हैया SAHARA शिवा
UP 91 T 6141
2023/3/12 08:47